आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तरप्रदेश सरकार को उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती से संबंधित नई चयन–सूची तीन महीने के भीतर जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने जून–दो हजार बीस और जनवरी–दो हजार बाइस में जारी छः हजार आठ सौ उम्मीदवारों की चयन–सूची को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और बृजराज सिंह की पीठ ने नब्बे विशेष याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि नई चयन सूची से प्रभावित होने वाले सहायक शिक्षकों को मौजूदा शिक्षा–सत्र को पूरा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि आरक्षित श्रेणी के जो उम्मीदवार सामान्य श्रेणी में रखे जा सकते हैं, उन्हें रखा जाना चाहिए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर में जिला स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार की दृष्टि से अगस्त महीने की पांच तिथियां महत्वपूर्ण होने जा रही हैं। प्रदेश में तेइस–चौबीस, पच्चीस, तीस और इकतीस अगस्त को पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले के युवा को इस पूर्ण पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इतने बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया पहली बार आयोजित होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुलिस भर्ती प्रक्रिया में बीस प्रतिशत नियुक्ति बेटियों को दी जायेगी। श्री योगी ने कहा कि फरवरी दो हजार तेइस में आयोजित सबसे बड़े इन्वेस्टर्स समिट में चालीस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो प्रदेश के एक सौ पैंतीस करोड़ युवाओं के लिये रोजगार के अवसर की गारंटी हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पच्चीस सौ युवाओं को प्रशस्ति पत्र, इक्यावन सौ छात्र–छात्राओं को टैबलेट और कुल दो सौ ग्यारह करोड़ रूपये के ऋण का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री कल अयोध्या में वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ करेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजीपुर के मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी पहुंचे। वहां उन्होंने ओलम्पिक में पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे गाजीपुर के हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और वाराणसी के हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप एक–एक करोड़ रूपये देने की घोषणा की। खिलाड़ी राजकुमार पाल को डिप्टी एसपी का पद प्रदान करने की घोषणा भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने की।

****

कानपुर के भीमसेन खण्ड में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट कल रात वाराणसी से अहमदाबाद जा रही सावरमती एक्सप्रेस पटरी से उतर गयी। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुयी, सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित निकाल लिया गया। हादसे के कारण कुछ गाड़ियों का आवागमन निरस्त कर दिया गया है जबकि कुछ गाड़ियां मार्ग परिवर्तन कर चलायी जा रही है। रेल प्रशासन ने यात्रियों के परिजनों की सुविधा के लिये हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है।

****

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ के आह्वान पर आज प्रदेश के सभी चिकित्सक चौबीस घंटे के देशव्यापी हड़ताल पर हैं। प्रदेश में आज सुबह से ही ओपीडी सेवा ठप है। गम्भीर मरीजों के लिये केवल इमरजेंसी सेवा ही जारी है और अस्पतालों में भर्ती मरीजों का ही इलाज किया जा रहा है। संगठन ने इस मामले में न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून बनाने की मांग की है। संगठन की अपील को देखते हुए इस हडताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हो गये हैं।

गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज और एम्स के जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर रहे। निजी चिकित्सकों ने भी अपनी ओपीडी नहीं की। लखनऊ, हापुड़, बाराबंकी, बदायूं और वाराणसी जिलों से भी डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने और विरोध प्रदर्शन करने की खबर है। इस बीच, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि डॉक्टरों के साथ हिंसा के मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

****

आकाशवाणी समाचार से प्रसारित होने वाले प्रति घंटा समाचार बुलेटिनों के प्रसारण क्रम को संशोधित किया गया है। यह संशोधन कल मध्यरात्रि बारह बजे से प्रभावी होगा। इस बदलाव के बाद पांच मिनट के हिन्दी के सभी समाचार बुलेटिन का प्रसारण पहले होगा, उसके बाद पांच मिनट के अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे।

****

रक्षाबंधन पर इस बार भी कल रात से ओन्नीस अगस्त की रात तक निःशुल्क रोडवेज बसों की सेवाएं बहनों को उपलब्ध कराई जायेंगी। इसी क्रम में लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच दो सौ से ज्यादा अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

****